आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.10.2026 समय : 1905

- दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा शोक जताया, कहा – उनकी विरासत हमेशा स्मरणीय रहेगी।
- अंडमान निकोबार कमान के स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज एक संयुक्त सेवा परेड का आयोजन किया गया।
- अंडमान–निकोबार में टीबी उन्मूलन अभियान को मिली नई गति, 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के 'जोश' के पहले चरण की शुरुआत हुई।
- बहत्तरवें वन्यजीव सप्ताह का आज समापन समारोह आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे ने स्वराज द्वीप की लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान के लिए उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा लिए गए त्वरित निर्णयों की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। उपराज्यपाल ने आज स्वराज द्वीप के गोविंद नगर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान चार अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण, वाणिज्य संकाय शुरू करने, शिक्षकों के आवासों की मरम्मत, आंगनवाड़ी केंद्र के लिए कक्ष उपलब्ध कराने तथा विद्यार्थियों के परिवहन के लिए स्कूल वैन या बस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों की सुविधाओं और चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नत करने, 40 प्रकार की जांच करने वाली ऑटोमैटिक एनालाइजर मशीन लगाने, एक्स–रे मशीन की मरम्मत कराने, खराब पड़े डी जी सेट को चालू करने तथा चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए दस अतिरिक्त कमरों के निर्माण के निर्देश दिए। साथ ही,

ऑपरेशन थिएटर स्थापित करने और विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने को कहा। सांसद बिष्णु पद रे ने इन जनहितकारी निर्णयों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इससे द्वीप में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी एवं पार्टी ने स्वराज द्वीप की लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित निर्णय लेने और आवश्यक निर्देश जारी करने पर उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है। पार्टी ने विश्वास जताया कि इन निर्णयों से द्वीप में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा और स्थानीय निवासियों सहित पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार प्रशासन के खेल एवं युवा मामले निदेशालय ने युवाओं से 'इनोवेट फॉर भारत' कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को नवाचार के जरिए सामाजिक और विकास संबंधी समस्याओं का समाधान खोजने का अवसर देना है। इसके तहत 'डिजाइन फॉर भारत', 'हैक फॉर सोशल कॉज' और 'यूथ ऑन्ट्रप्रेनर्स चैलेंज' तीन श्रेणियां रखी गई हैं। इनमें कृषि, स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा, शिक्षा, ग्रामीण विकास, डिजिटल तकनीक, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन और सामाजिक उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में नए विचार प्रस्तुत किए जा सकते हैं। 'डिजाइन फॉर भारत' के लिए 500 शब्दों का कॉन्सेप्ट नोट जमा करना होगा। पहली दो श्रेणियों के लिए 18 से उनतीस वर्ष और उद्यमिता चुनौती के लिए 18 से 35 वर्ष आयु निर्धारित की गई है। चयनित युवाओं को जनवरी 2027 में नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में अपने नवाचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर है। इच्छुक युवा mybharat.gov.in पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से 17 और 18 अक्टूबर को राजधानी श्री विजयपुरम के आई टी एफ मैदान में द्वीप नारियल महोत्सव–2026 का आयोजन किया जाएगा।

महोत्सव का उद्देश्य द्वीपों की समृद्ध सांस्कृतिक एवं पाक परंपराओं को बढ़ावा देना और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करना है। महोत्सव में नारियल से बने व्यंजनों, हस्तशिल्प, पारंपरिक कला, लोक प्रस्तुतियाँ और स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके माध्यम से स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों, स्थानीय उद्यमियों तथा खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और प्रचार का अवसर मिलेगा। महोत्सव के दौरान नारियल छीलने और नारियल से व्यंजन बनाने की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। इच्छुक प्रतिभागी सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय के परिचालन इकाई से निर्धारित आवेदन पत्र प्राप्त कर 14 अक्टूबर को शाम 4 बजे तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में 16 से 27 नवंबर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन होगा। इस दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रवि कृष्ण कपूर और न्यायमूर्ति उदय कुमार मामलों की सुनवाई करेंगे। इसके बाद 30 नवंबर से 4 दिसंबर तक भी पोर्ट ब्लेयर में सर्किट कोर्ट बैठेगा, जिसमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति कृष्णा राव मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में ब्रॉडकास्ट असिस्टेंट के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उम्मीदवार का किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होना अनिवार्य है। हिन्दी और अंग्रेजी में दक्षता तथा कम्पयूटर का ज्ञान होना, अनिवार्य योग्यता है। उम्मीदवार की आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। नगरपालिका क्षेत्र के निवासी इसके लिए बीस अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र आकाशवाणी के ड्यूटी रूम में उपलब्ध है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के ब्लॉक परियोजना कार्यालय की ओर से द्वितीय ब्लॉक स्तरीय समावेशी वार्षिक एथलेटिक प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 14 और 15 अक्टूबर को सुबह 9 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भातूबस्ती स्कूल के मैदान में आयोजित

होगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में समावेशिता, खेल भावना और शारीरिक विकास को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता में लगभग तीन सौ विद्यार्थियों के भाग लेने की उम्मीद है। इसमें नौ क्लस्टर रिर्सोस सेंटर के विशेष आवश्यकता वाले बच्चे हिस्सा लेंगे। प्री–प्राइमरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके अलावा शतरंज, कैरम, रस्सी कूद और गेंद पास करने जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार पुलिस की ओर से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से कल राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली शाम साढ़े तीन बजे सेल्यूलर जेल से शुरू होगी और शहर के विभिन्न मार्गों से हाते हुए नेताजी स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार पर पहुंचकर संपन्न होगी। इस अभियान के माध्यम से लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने तथा नशे के विरुद्ध जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा।

<><><><><><><>